Australian Government
Australian Institute of Health and Welfare

Australia's Disability Strategy 2021–2031

Creating an inclusive community together

# ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति

## 2021–2031

## परिणाम ढाँचा

पहली वार्षिक रिपोर्ट का सारांश

# सारांश

**ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021–2031** (कार्यनीति) के तहत इसके जीवनकाल में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों का मापन, अनुरेखण और रिपोर्टिंग करने के लिए परिणाम ढाँचा एक महत्वपूर्ण पहल है। परिणाम ढांचे में दिए गए निर्देशों के अनुरूप वार्षिक रिपोर्टिंग से पता चलेगा कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों में क्या प्रगति की जा रही है।



कार्यनीति में **7 परिणाम क्षेत्र** हैं। ये उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके बारे में विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने बताया है कि सुधार की आवश्यकता है, ताकि कार्यनीति की समावेशी ऑस्ट्रेलियाई समाज बनाने की दूरदृष्टि हासिल की जा सके – एक ऐसा समाज, जिसमें यह सुनिश्चित हो कि विकलांगता-ग्रस्त लोग समुदाय के समान सदस्यों के रूप में अपनी क्षमता को प्राप्त कर सकते हैं।

## परिणाम क्षेत्र

- **रोजगार और आर्थिक सुरक्षा**
- **समावेशी आवास और समुदाय**
- **सुरक्षा, अधिकार और न्याय**
- **व्यक्तिगत और सामुदायिक समर्थन**
- **शिक्षा और सीखना**
- **स्वास्थ्य और सकुशलता**
- **सामुदायिक दृष्टिकोण**

परिणाम ढाँचे में कार्यनीति के 7 परिणाम क्षेत्रों और **3 प्रकारों के दिशा-निर्देश** में फैले हुए 85 दिशा-निर्देश हैं:

**प्रणालीगत दिशा-निर्देश**

ये परिणाम हासिल करने में स्वास्थ्य-देखभाल, आवास, शिक्षा और रोजगार जैसी प्रमुख प्रणालियों के योगदान का अनुरेखण करते हैं।

**जनसंख्या दिशा-निर्देश**

ये विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए समय के साथ परिणामों में परिवर्तनों का अनुरेखण करते हैं।

**सामुदायिक दृष्टिकोण दिशा-निर्देश**

ये विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति दृष्टिकोणों, और विकलांगता-ग्रस्त लोग इन सामुदायिक दृष्टिकोणों का अनुभव कैसे करते हैं, इसमें परिवर्तनों का अनुरेखण करते हैं।

इस आरंभिक वार्षिक रिपोर्ट का लक्ष्य 'आधाररेखा' पर परिणाम ढाँचा दिशा-निर्देशों की स्थिति का अवलोकन प्रदान करना है, यानि दिसंबर 2021 में कार्यनीति के आरंभ के निकटतम समय पर। आधाररेखा आकड़े वे आकड़े होते हैं, जिनके प्रति कार्यनीति के जीवनकाल में हरेक दिशा-निर्देश के लिए अपडेटेड वार्षिक और (उपलब्धतानुसार) त्रैमासिक आकड़ों की तुलना की जाएगी।

इस रिपोर्ट में आधाररेखा आकड़े बिंदु तक की अवधि तक के लिए समय श्रृंखला विश्लेषण भी (जहाँ आकड़ों के अनुसार संभव हो) शामिल है। यह आधाररेखा मान और अपडेटेड परिणामों की रिपोर्टिंग के लिए एक संदर्भ प्रदान करता है।

## विकलांगता-ग्रस्त लोग आधाररेखा पर कैसा प्रदर्शन कर रहे थे?

इस आरंभिक वार्षिक रिपोर्ट में 47 आरंभिक दिशा-निर्देशों के लिए आधाररेखा आकड़े उपलब्ध हैं, जिनमें से 45 दिशा-निर्देशों के लिए ऐतिहासिक आकड़े भी उपलब्ध हैं। इन ऐतिहासिक आकड़ों के लिए उपलब्ध आकड़ा बिंदुओं की संख्या समयानुसार 2 से लेकर 10 बिंदुओं तक फैली हुई है।

## प्रमुख निष्कर्ष

### आधाररेखा से पहले अनुकूल रुझान

2020-21 में नए आवंटित **सार्वजनिक आवासों के लिए** विकलांगता-ग्रस्त सदस्य वाले घर-परिवारों की **औसत प्रतीक्षावधि 413 दिन** थी, जो 2011-12 में **580 दिनों** की प्रतीक्षावधि की तुलना में **कम** थी।

प्रणालीगत माप

2020-21 में तुलनात्मक रूप से ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) की सुलह प्रक्रिया से होकर गुजरने वाली **10 में से 7** से भी अधिक (72%) **विकलांगता भेदभाव शिकायतों** को सफलतापूर्वक हल कर दिया गया था, जबकि 2011-12 में यह संख्या **10 में से 6** (62%) से थोड़ी सी अधिक थी।

प्रणालीगत माप

2018 में तुलनात्मक रूप से 20-64 आयुवर्ग में **5 में से 2** से भी अधिक (45%) विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने **कक्षा 12** (या इसके समकक्ष) **पूरी** की थी, जबकि 2012 में यह संख्या **5 में से 2** (37%) से कम थी।

जनसंख्या माप

### आधाररेखा से पहले प्रतिकूल रुझान

2012 और 2018 के बीच विकलांगता-ग्रस्त लोगों और विकलांगता-मुक्त लोगों के बीच **बेरोजगारी दर के अंतर** में कोई **वास्तविक परिवर्तन नहीं** हुआ (15 वर्ष और इससे अधिक आयु के लोगों के लिए क्रमशः 4.0 और 4.7 प्रतिशत अंक)।

जनसंख्या माप

2020-21 में तुलनात्मक रूप से **घरेलू और पारिवारिक हिंसा से जूझने वाले 5 में से 4** (82%) से थोड़े अधिक विकलांगता-ग्रस्त सेवार्थियों को आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ बेघर सेवाओं द्वारा **आवासीय सहायता प्रदान** की गई थी, जबकि 2013-14 में यह संख्या 87% थी।

प्रणालीगत माप

2018 में तुलनात्मक रूप से 5 वर्ष और इससे अधिक आयु के लगभग **7 में से 1** (14%) विकलांगता-ग्रस्त लोगों को **चिकित्सीय सुविधाओं की सुलभता में कठिनाई** का अनुभव हुआ, जबकि 2015 में यह संख्या 11% थी।

जनसंख्या माप

## क्या अलग-अलग समूहों में भिन्नताएँ थीं?

आयु, लिंग और विकलांगता की गंभीरता के आधार पर आधाररेखा के परिणामों में भिन्नताएँ थीं।

5 वर्ष और इससे अधिक आयु के **विशिष्ट या गहन प्रकार की विकलांगता** से ग्रस्त लोगों के लिए **सामुदायिक और सामाजिक गतिविधियों** में भाग लेने की **संभावना** (90%) **कम** थी, जबकि यह 2018 में अन्य विकलांगता स्थितियों से ग्रस्त लोगों के लिए (97%) थी।

जनसंख्या माप

2020-21 में 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के विकलाँगता-ग्रस्त लोगों में से 12 महीने की अवधि में (जॉबएक्टिव का उपयोग करके) रोजगार की खोज करने वाले **पुरुषों को महिलाओं की तुलना में** ऊँचे अनुपात में **जॉब प्लेसमेंट मिल पाया**, जो कम से कम 26 सप्ताहों के लिए लगातार बना रहा (क्रमशः 8.3% और 6.5%)।

प्रणालीगत माप

2021 में 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के विकलांगता-ग्रस्त व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण स्नातकों में से **महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद** ऊँचे अनुपात में **रोजगार प्राप्त हुआ** (क्रमशः 53% और 50%)।

प्रणालीगत माप

2018 में 18-24 आयु-वर्ग के विकलांगता-ग्रस्त लोगों में 2 में से लगभग 1 (49%) व्यक्ति को **ऊँचे या बहुत ऊँचे स्तरों के मनोवैज्ञानिक संकट** का अनुभव हुआ, जबकि 45-64 आयु-वर्ग में यह संख्या 5 में से 2 (40%) थी तथा 65 वर्ष और इससे अधिक के आयु-वर्ग में यह संख्या 5 में से 1 (19%) से भी कम थी।

जनसंख्या माप

## कार्यनीति आरंभ होने के 6 महीने बाद परिस्थितियाँ कैसी हैं?

आकड़ा-युक्त 47 आरंभिक दिशा-निर्देशों में से 11 दिशा-निर्देशों में आधाररेखा के बाद आकड़े अपडेट किए गए। अपडेटेड आकड़ों के परिणाम आरंभिक प्रकृति के हैं, क्योंकि ये कार्यनीति के पूरे एक वर्ष के बजाय केवल पहले 6 महीनों को ही कवर करते हैं। इनमें से कई परिवर्तनों का परिमाण बहुत कम है, जिसे परिणामों पर विचार करते समय ध्यान में रखा जाना चाहिए। ये अपडेटेड दिशा-निर्देश मुख्यतः राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस) [National Disability Insurance Scheme (NDIS)] आकड़ा संग्रहों से हैं, क्योंकि सबसे हाल में अपडेट किए गए आकड़े इनमें ही निहित हैं।

2021-22 में तुलनात्मक रूप से चौथी तिमाही (Q4) में 15-64 आयु-वर्ग के **श्रमबल में** से **5 में से 1** से थोड़े अधिक (21%) **एनडीआईएस प्रतिभागी फुल एवार्ड पर खुले रोजगार** में संलग्न थे, जबकि 2021-22 की दूसरी तिमाही (Q2) में यह संख्या 20% थी।

**जनसंख्या माप**

2021-22 Q4 में तुलनात्मक रूप से 15-64 आयु-वर्ग के **3 में से 2** से थोड़े कम (65.1%) **एनडीआईएस प्रतिभागियों ने अपनी अभिरुचि के अनुसार अपना खाली समय बिताने** की सूचना दी, जबकि 2021-22 Q2 में यह संख्या 65.5% थी।

**प्रणालीगत माप**

2021-22 के Q4 में तुलनात्मक रूप से 15-64 आयु-वर्ग में **4 में से 3** से थोड़े अधिक (76%) **एनडीआईएस प्रतिभागियों** ने बताया कि **एनडीआईएस** में 2 साल बिताने के बाद **उन्हें अपने जीवन पर अधिक विकल्प और नियंत्रण** रखने में सहायता मिली थी, जबकि 2021-22 Q2 में यह संख्या 75% थी।

**प्रणालीगत माप**

## भविष्य की योजनाएँ

आकड़ों में अपडेट के साथ अगली वार्षिक रिपोर्ट 2023 के अंत में जारी की जाएगी। आकड़ों में अपडेट को हरेक तिमाही **ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति परिणाम ढाँचा** के वेबपेजों पर प्रदर्शित किया जाएगा, और पहला विमोचन मार्च 2023 में तय किया गया है।

विकलांगता-ग्रस्त लोग इस बारे में स्पष्ट थे कि वे कार्यनीति रिपोर्टिंग को आरंभ के समय उपलब्ध आकड़ों तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहते थे। इस कारणवश परिणाम ढांचे में भविष्य के दिशा-निर्देशों को कार्यनीति के जीवनकाल में विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इन दिशा-निर्देशों को विकसित करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कार्यनीति की **आकड़े सुधार योजना** देखें, जिसमें भविष्य के दिशा-निर्देशों के बारे में रिपोर्टिंग के लिए सहमत योजनाएँ भी शामिल हैं।